## प्रेस विज्ञप्ति

प्रेस नोट–32 दिनांक 12 नवंबर 2025

## अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने "इलेक्टोफेस्ट" के तैयारियों के सम्बंध में ली बैठक

– राज्य स्थापना के 25 वर्ष के अवसर पर आयोजित होगा "इलेक्टोफेस्ट"

– देहरादून के विभिन्न विश्वविद्यालय एवं कॉलेज होंगे आयोजन में शामिल

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर आगामी 19 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर बुधवार को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे की अध्यक्षा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग,सूचना विभाग, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के अधिकारियों से अयोजन की रुपरेखा और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि मतदाता जागरुकता एवं स्वीप गतिविधियों के तहत माह नवंबर की थीम "संविधान,संकल्प और मतदान, उत्तराखण्ड के साथ नई उड़ान" निर्धारित की गई है।

प्रदेश में रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष में युवाओं को मतदाता जागरुकता से जोड़ते हुए आगामी 19 नवंबर को ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय में "इलेक्टोफेस्ट 2025" का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में देहरादून में विभिन्न विश्वविद्यालय एंव कॉलेजों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के साथ ही स्टेट स्वीप आईकॉन पद्मश्री प्रीतम भरतवाण द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरुकता सम्बंधी राज्य स्तरीय एनिमेटेड फिल्म प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता की भी शुरुआत की जाएगी। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को आगामी दिसंबर या जनवरी माह में आयोजित होने वाले कार्यकमों में पुरुष्कृत किया जाएगा।

बैठक में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, कुल सचिव, तकनिकी विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड डा0 राजेश उपाध्याय, संयुक्त निदेशक, तकनिकी शिक्षा आलोक मिश्रा, उप निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग रवि बिजारनीयां, उप निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग,डा0 ममता नैथानी,उप निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन,निरंजन कुगसाल,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय डा0 मलिका नन्दा,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, देहरादून पी0सी0 त्रिपाठी सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

********